



# एक पखवाड़े बाद कांग्रेस सूची रोकी

## शहर कांग्रेस कमेटी में 141 पदाधिकारी बनाए गए थे, ग्रामीण संगठन मंत्री भी शहर से बनाना पड़ा कांग्रेस को

नवभारत न्यूज

**सागर 14 फरवरी. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर शहर कांग्रेस कमेटी की घोषणा के एक पखवाड़े के बाद ही अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने रोक लगा दी है.**

मालूम हो कि 30 जनवरी को घोषित शहर कांग्रेस कमेटी में 141 पदाधिकारियों को शामिल किया गया था. जिसमें एक कोषाध्यक्ष, 8 उपाध्यक्ष, 23 महामंत्री एवं 21 सचिव, 8 कार्यकारिणी सदस्य, 11 संरक्षण सदस्य, 26 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए थे. जंबोजेट कार्यकारिणी का सम्मान समारोह भी जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में पिछले सप्ताह ही आयोजित किया गया था. प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ संजय कांवले के हस्ताक्षर से जारी सूची को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने भी आपत्ति भी सोशल मीडिया के माध्यम से उठाई गई थी. एक दिन पूर्व ही सूची को होल्ड पर रखते हुए नवीन सूची जारी करने की बात कही गई है जिसमें जिला स्तर पर तय संख्या के अनुसार ही पदाधिकारी ही शामिल किए जायेंगे. शहर कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री बनाए गए दो पदाधिकारियों पर प्रदेश भाजपा द्वारा भी सोशल मीडिया पर भी आपत्ति उठाई थी.जिनको पहले से ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा ही नोटिस जारी कर तीन दिन में जबाव तलब किया था.



### 6 माह में ग्रामीण कांग्रेस कार्यकारिणी गठित नहीं हुई

छह माह पूर्व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा आज दिनांक तक कार्यकारिणी गठित नहीं कर सके हैं. हालांकि जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में अधिकांश में ग्रामीण कांग्रेस की बैठक कर चुके है. तो वहीं प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिले के संगठन पर पकड़ रखने के उद्देश्य से संगठन महामंत्री नियुक्त किए गए हैं. शहर कांग्रेस में रामकुमार पचौरी एवं ग्रामीण कांग्रेस में आशीष ज्योतिषी को नियुक्त किया गया है. दोनों संगठन महामंत्री सागर शहर से ही हैं. जिले में 8 में से 7 विधासभा क्षेत्र ग्रामीण कांग्रेस के अंतर्गत ही आते हैं.

## शांति समिति की बैठक

**सागर.** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना गोपालगंज परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक एकता और भाईचारे के प्रतीक हैं, जिन्हें प्रेम, अनुशासन और आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए. सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक जानकारी प्रसारित न करने की सख्त हिदायत दी गई. विशेष रूप से डीजे संचालन को लेकर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा गया कि केवल त्योहार से संबंधित एवं मर्यादित गीत ही बजाए जाएं. बैठक में तहसीलदार संदीप तिवारी, थाना प्रभारी गोपालगंज घनश्याम शर्मा सहित ननागरिक, जनप्रतिनिधि, विभिन्न आयोजन समितियों के पदाधिकारी, पत्रकार एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# तर्कपूर्ण निर्णय सशक्ता की ओर ले जाते हैं

## महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

नवभारत न्यूज

**बंडा 14 फरवरी. शासकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा 21 वीं सदी का सशक्त भारत उपलब्धियां एवं चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन हुआ.**



समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ने कहा किया तर्कपूर्ण निर्णय समय की मांग होते है और यही निर्णय सशक्तता की ओर ले जाते है. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि भारत की रक्षा नीति और व्यापार विनिमय के सिद्धांत का लोहा अब पूरी दुनिया मान रही है. डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि भारत सदैव ही सशक्त रहा है और नई पीढ़ी के कंधों पर जिम्मेदारी है. ओएसडी डॉ. भावना यादव ने कहा कि दो दिन चले इस संगोष्ठी में हुये विचार विमर्श निश्चित ही शोधार्थियों के लिये लाभकारी सिद्ध होगें. कार्यक्रम में सभी शोधार्थियों को किट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये. संगोष्ठी समन्वयक डॉ. नितीश ओबराइन ने बताया कि दो दिवसों में कुल 43 शोध पत्रों का वाचन हुआ. 130 शोधार्थियों ने अपना पंजीयन कराया. अंतिम उद्बोधन में संस्था प्राचार्य डॉ. कुलदीप यादव ने आभार ज्ञापित किया. संचालन डॉ. अशोक पन्या एवं आभार डॉ. रूपक जैन ने माना.

इस दौरान डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ संगीता मुखर्जी, डॉ. ज्योति मार्टिन, डॉ. नेहा निरंजन, डॉ. एस.एम. पचौरी, सर्वेश्वर उपाध्याय ने भी संबोधित किया. इस दौरान डॉ. एचआर ठाकुर, डॉ.अयूब खान, डॉ.संजय सिंह ठाकुर, डॉ.सोहन सिंह यादव, डॉ. शैलेन्द्र सकवार, डॉ. जितेन्द्र भटेले, डॉ. अंजली शाक्य, डॉ. प्रकाश मावी, बाबूलाल अहिरवार, डॉ.मनोज जैन, डॉ. अजब सिंह राजपूत, डॉ. विनीत गुरू, डॉ. अश्वनी दुबे, डॉ. गजेन्द्र रावत, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ. हरीचरण अहिरवार, डॉ. विजय बहादुर चौबे, एससी अवस्थी मौजूद थे.

### एक नजर में



### लोकसभा अध्यक्ष से सौजन्य भेंट

**सागर.** सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया ताई राहटकर भी उपस्थित रही.



### गौर यूथ फोरम सौंपा ज्ञापन

**सागर.** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के संबंध में गौर यूथ फोरम के पदाधिकारियों ने आज पुस्तकालय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा. छात्र-छात्राओं की प्रमुख मांग यह रही कि अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की भांति यहां भी 24 घंटे पुस्तकालय की सुविधा प्रारंभ की जाए, ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शोध विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन का अवसर मिल सके. इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में लंबे समय से बंद पड़े कंप्यूटरों को शीघ्र चालू कर सुचारु संचालन सुनिश्चित करने तथा बढ़ती छात्र संख्या को देखते हुए पुस्तकालय की सीटिंग क्षमता बढ़ाने की भी मांग की. ज्ञापन सौंपने के दौरान यश सिंह भूमिहार, आशुतोष पाठक ,अंशुल शर्मा, शशिकांत मिश्रा, प्रशांत तिवारी, ध्रुव शर्मा, चंदन महतो, अमित सिंह, अमन छमा, महिमा, प्रियंका , मयूरी, संजना , प्रीति, रेटिना उपस्थित रहे.



### मरणोपरांत गुलाबचंद्र पुष्प को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**ललितपुर.** जनपद के प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले गुलाबचंद्र पुष्प को मरणोपरांत संस्कृति संरक्षक अतिवीराचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया. यह सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आचार्यश्री अतिवीरसागरजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ. समारोह में पुष्प परिवार की ओर से नवागढ़ तीर्थक्षेत्र के निर्देशक ब्र.जयकुमार निशांत सहित परिजनों ने सम्मान ग्रहण किया. सम्मान स्वरूप तीन लाख रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, अंगवस्त्र, तिलक, माला एवं बोलती जिनवाणी प्रदान की गई. आचार्यश्री अतिवीरसागर महाराज ने नवागढ़ तीर्थ की खोज एवं विकास में पं. पुष्प के योगदान को अतुलनीय और अविस्मरणीय बताया. संस्कृति संरक्षण की दिशा में उनकी स्मृति में श्रीनवागढ़ गुरुकुलम् की स्थापना को भी अनुकरणीय कदम बताया गया.

# कार-बाइक भिड़ंत में 3 घायल

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 14 फरवरी. शाहगढ़ थाना अंतर्गत शिवपुरी गांव के समीप तेज रफ्तार कार और मोटर साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल हो गए हैं.जिसमें एक की स्थिति गंभीर बताई गई है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घुवारा से बक्स्वाहा मोटर साइकिल से जा रहे चंदोली के बबलू घोषी, रेखा घोषी और सुभि को शाहपुर की ओर से आ रही कार के ड्राइवर ने टक्कर मार दी जिसमें तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए हैं. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को शाहगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से सभी को सागर रैफर कर दिया गया है. बबलू घोषी की स्थिति नाजुक बताई गई है. पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है.



## पंजीयन केंद्र स्थापित

**सागर.** रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति बघेल ने सहकारी समितियों पर किसान पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं. सहकारी समितियों के माध्यम से किए जा रहे किसान पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क होगा. किसान द्वारा समितियों के अतिरिक्त स्वयं के मोबाइल पर पंजीयन एप डाउनलोड करके पंजीयन किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त एम.पी. ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर भी सशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है.

# टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना हेतु प्रशिक्षण



**सागर 14 फरवरी. शीतकालीन गिद्ध गणना कार्य 20 से 22 फरवरी तक किया जाएगा. वन संरक्षक, वन वृत्त सागर द्वारा उक्त गणना के लिए वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को नोडल बनाया गया है.**

गिद्ध प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में दिलशेर खान द्वारा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व दक्षिण सागर वनमंडल एवं दमोह वनमंडल के वन अमले तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

प्रशिक्षण के दौरान गिद्धों की पहचान, उनके घोंसलों की खोज आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही विश्व स्तर पर पाई जाने वाली गिद्धों की विभिन्न प्रजातियों, भारत में पाई जाने वाली प्रजातियों, उनकी अनुमानित वर्तमान संख्या तथा संरक्षण संबंधी उपायों से भी अवगत कराया गया. अमले ने सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो गिद्ध गणना के दौरान प्रजातियों की सही पहचान में सहायक सिद्ध होगा .शीतकालीन वास्तविक गिद्ध गणना कार्य संपन्न किया जाएगा. इसके आंकड़े वन विहार, भोपाल द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश से एकत्रित कर उनका आकलन किया जाएगा.

# करोड़ों की लागत से हुआ सड़क का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**बीना 14 फरवरी. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत एसएच-14 खुरई फाटक से हिंगटी गांव तक 3.8 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 328 लाख रुपये (3.28 करोड़) की लागत से किया जाएगा. इस विकास कार्य का भूमिपूजन विधायक निर्मला सप्रे द्वारा किया गया. यह आयोजन विधायक संकल्प सिद्धि यात्रा के अंतर्गतहुआ.**

इसी सड़क मार्ग पर सीएम राइज स्कूल विकसित किया जा रहा है. यह स्कूल 1600 मीटर का हिस्सा बीना नगरीय क्षेत्र में आता है.




विधायक निर्मला सप्रे ने कहा बीना विधानसभा की जनता के लिए बेहतर सड़क, बेहतर शिक्षा और बेहतर भविष्य मेरी प्राथमिकता है. संकल्प सिद्धि यात्रा के माध्यम से हम विकास के उन कार्यों को धरातल पर उतार रहे हैं, जिनकी वर्षों से आवश्यकता थी. यह सड़क केवल गांवों को नहीं, बल्कि शिक्षा केंद्रों और नगरीय विकास को भी जोड़ने वाली जीवनरेखा बनेगी. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और राज्य सरकार की योजनाओं से क्षेत्र में स्थायी विकास सुनिश्चित किया जा रहा है.

# पूर्व गृह मंत्री ने ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**सागर 14 फरवरी. खुरई विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित 9 क्षतिग्रस्त सड़कों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन कराए जाने को लेकर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मप्र ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखा है. इनमंश से अधिकतर मार्ग बड़ी और लंबी सड़कों से कनेक्टिविटी हो जाने के कारण भारी वाहनों के आवागमन से क्षतिग्रस्त हुए हैं.**

श्री सिंह ने मप्र ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि खुरई और मालथौन विकासखंडों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित मार्गों और पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों से लंबे रूट निर्मित हो गये हैं. इन पर से भारी वाहनों के आवागमन हो जाने से 9 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे क्षेत्र के नागरिकों को असुविधा और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक श्री सिंह ने लिखा है कि इन 9 सड़कों को शीघ्र मजबूतीकरण और उन्नयन की आवश्यकता है. अपने पत्र में पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने जिन मार्गों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन की मांग की है उनमें मालथौन विकासखंड के 7 मार्ग शामिल हैं तथा खुरई विकासखण्ड के 2 मार्ग शामिल हैं. इनमें मालथौन विकासखण्ड के एनएच 44-उप्र सीमा से लगे हुए कई गांव भी शामिल हैं.

## दायित्व सौंपे गए

**सागर.** महाशिवरात्रि पर्व पर जिले में विभिन्न मंदिरों, धार्मिक स्थलों, जुलूसों एवं मेलों में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं. कलेक्टर द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठक आयोजित कर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, मंदिर एवं मेला स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस की तैनाती, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम स्थापना तथा सीसीटीवी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही विशेष पार्किंग प्लान एवं रूट डायवर्जन लागू करने को कहा गया है. कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाने एवं पूर्व निरीक्षण कर व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर


क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/67 — :: सूचना ::— सागर दिनांक: 12/02/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1851/25-26 | कटरा | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | संतोष कुमार, दिलीप कुमार पिता घघाराम बजाज | राहुल पिता राकेश जैन |
| 2. | 1851/25-26 | कटरा | अपंजीकृत वसीयत, शपथ पत्र | गुलाबचंद्र पिता सुंदरलाल जैन | शशि पति गुलाबचंद जैन |
| 3. | 1852/25-26 | शास्त्री | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | प्रभाबाई पति खूबचंद जैन | सरोज बाई पति खेमचंद जैन |
| 4. | 1853/25-26 | शास्त्री | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | सूरज प्रसाद, केशव प्रसाद पिता नर्मदा प्रसाद पटेल | राजेंद्र प्रसाद पिता तुलसीराम मिश्रा |
| 5. | 1854/25-26 | शास्त्री | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | ममता पति अशोक कुमार जैन | कुंती बाई पति शिखरचंद्र, सरिता पति मनोज, नीतेश पिता शिखरचंद्र वैशाली पति नितिन, श्वेता पति नीतेश जैन |
| 6. | 1855/25-26 | शास्त्री | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | कमल कुमार पिता सुंदरलाल जैन | अजय पिता राजाराम एवं नीति पति अजय जैन |
| 7. | 1856/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | बलदेव प्रसाद पिता बालकिशन पटैल | राजेंद्र पिता सीतराम रायकवार |
| 8. | 1857/25-26 | कटरा | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | महारानी बाई पति शोभाराम केशरवानी | अध्यक्ष सत्य नारायण वल्द कृष्ण कुमार केशरवानी, सचिव प्रेमनारायण पिता देवीदीन केशरवानी |
| 9. | 1858/25-26 | रामपुरा | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | कलप्रेंद्र देव, पारस पिता राजेंद्र कुमार जैन | साधना पति रचित जैन |
| 10. | 1859/25-26 | नरयावली नाका | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | रामकुमार पिता बैजनाथ प्रसाद गुप्ता | गीता पति स्व. रामकुमार एवं पूजा, पीयूष, आयुष पिता स्व. रामकुमार गुप्ता |
| 11. | 1860/25-26 | पंतनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | उमा पति अशोक पांडेय | रजनी पति अरुण कुमार घोषी |

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर







**महाशिवरात्रि** — शोभायात्रा में शामिल होंगे विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों के दल

# खेजरादुगाहा के महाकाल धाम में पालकी पर शाही बारात निकाली जाएगी

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. जय श्री महाकाल जन कल्याण सेवा समिति द्वारा 15 फरवरी को भगवान महाकाल की बांदरी से खेजरादुगाहा के महाकालधाम तक पालकी पर शाही बरात निकाली जाएगी.**

शाही बरात दोपहर 3 बजे से निकलेगी. जिसमें हर बार की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है. इसको ध्यान में रखते हुए प्रसादी, पानी, पांच एकड़ में पार्किंग, बेरिकेड्स आदि की व्यवस्था की गई है. इस आयोजन के लिए जय श्रीमहाकाल जन कल्याण सेवा समिति खेजराधाम ने एक माह पहले से ही व्यापक तैयारियां शुरू कर दीं थीं. खेजराधाम दरबार के संयोजक पं. महेश तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जब भगवान महाकाल को दुल्हा बनाया जाता है और माता पार्वती से उनके विवाह की तैयारी होती हैं तो इस दौरान श्रद्धालु भी विवाह के उत्सव में नृत्य करते हैं. रोज महाकालधाम परिसर में मंगलगीतों का आयोजन हो रहा है. इस दौरान उनका भांग, सूखे मेवा, अबीर, कुंकू, गुलाल आदि से श्रृंगार किया जाता है. भगवान को इत्र भी लगाया जाता है. महाशिवरात्रि के पूर्व भगवान महाकाल की पूजा दुल्हे के रूप में की जा रही है.

हिमांशु तिवारी ने बताया कि भगवान को लाल चंदन का लेप कर तेल की रस्म की गई. पं. महेश तिवारी ने बताया कि विशेष पूजन-अभिषेक के बाद भगवान महाकाल की बांदरी से खेजरादुगाहा के महाकालधाम तक पालकी पर शाही बरात निकाली जाएगी. भगवान महाकाल साफा पहनकर पालकी में विराजमान होंगे, इसके बाद गाजे-बाजे के साथ कई भक्त कांधों पर पालकी उठाकर चलेंगे, जिनका जगह-जगह प्रसादी वितरित कर स्वागत किया जाएगा. शिवरात्रि पर भगवान महाकाल के मंदिर को रंग-रोगन व आकर्षक फूलों व विद्युत सज्जा कर आकर्षक रूप दिया गया है. महाशिवरात्रि को लेकर भजन-कीर्तन व मंगलगीतों का आयोजन हो रहा है, कई भक्त रात्रि जागरण करेंगे. क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी महाशिव रात्रि पर रात्रि जागरण व विशेष पूजन-अभिषेक के आयोजन होंगे. श्री तिवारी बताते हैं कि खेजराधाम दरबार की स्थापना सन 1904 में ब्रह्मलीन पंडित हरप्रसाद तिवारी द्वारा कराई गई थी.